Hindustan (Hindi)

Date: 06/06/2022

गुलमोहर गार्डन सेवा समिति की ओर से रविवार को आईटीएस कॉलेज में आयोजित डेंटल कैंप में लोगों के दांतों की जांच करते डॉक्टर। ● हिन्दुस्तान

आईटीएस कॉलेज में डेंटल कैंप का आयोजन

गाजियाबाद। गुलमोहर गार्डन सोसायटी में रविवार को गुलमोहर गार्डन सेवा समिति की ओर से आईटीएस कॉलेज में डेंटल कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों के दांतों का चेकअप कराया गया। कैंप में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कैंप का आयोजन समिति के हैशटेग कैंपेन ग्रीन क्लीन एंड हेल्दी गुलमोहर के तहत किया गया। इसमें लोगों के दांतों का चेकअप हुआ और उनका मेडिकल कार्ड बनाया गया। दांतों की जांच के अलावा बच्चों के दांतों में दवा का लेप लगाया गया ताकि उनके दांतों में कीड़े न लगे। इस दौरान आईटीएस कॉलेज के वरिष्ठ डॉक्टर और समिति के सदस्य मौजूद रहे।